# समाचार

## शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना अत्यंत जरूरी–महापौर

### (निर्धन छात्र–छात्राओं को चरण पादुका का वितरण किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने)





कोरबा 27 फरवरी 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालयों में शिक्षा–दीक्षा की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो, स्कूलों का वातावरण शांत, सौहार्दपूर्ण व अनुशासित हो, छात्र एवं शिक्षक के बीच परस्पर, समन्वय, प्रेम व आपसी समझ बनी रहे,यह एक अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था के लिए अत्यंत जरूरी है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज बालको क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर–5 में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। वार्ड क्र. 39 के पार्षद श्री लुकेश्वर चौहान तथा उक्त वार्ड की महिला समिति, युवा समिति एवं नागरिकों के द्वारा स्कूल शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत निर्धन छात्र–छात्राओं को चरण पादुका वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए इन बच्चों को पादुका का वितरण किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होने इसके पूर्व मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पमाला का अर्पण व दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि बच्चे लगभग 06 से 08 घंटे शिक्षकों के बीच रहते हैं तथा शिक्षकों के कियाकलापों, उनकी गतिविधियों एवं उनके कार्यो का सीधा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है, शिक्षकों का यह परम कर्तव्य है कि वे अपने छात्र–छात्राओं को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार दें, साथ ही विद्यालय में उत्तम शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठावें। उन्होने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो रोजगारउन्मुखी हो ताकि शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात व्यक्ति को रोजगार प्राप्त करने तथा जीवन यापन का साधन अर्जित करने में किसी प्रकार की कठिनाई पैदा न हो। उन्होने आगे कहा कि निर्धन छात्र–छात्राओं को चरण पादुका उपलब्ध कराना निश्चित रूप से एक सराहनीय कार्य है, इसके लिए मैं दानदाताओं व कार्यक्रम के आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई देती हूं। इस मौके पर वार्ड क्र. 39 के पार्षद श्री लुकेश्वर चौहान ने कहा कि जिन छात्र–छात्राओं के माता–पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नही है तथा जो नंगे पैर विद्यालय आते हैं, ऐसे 240 बच्चों को पैर में पहनने के लिए पादुकाएं वितरित करने का यह कार्य वार्ड क्र. 39 की महिला समिति, युवा समिति तथा दानदाताओं से संपर्क कर उनके द्वारा प्रदत्त दान राशि के माध्यम से किया गया है। उन्होने बताया कि इस कार्य में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का मार्गदर्शन तथा आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल का उत्साहवर्धन प्राप्त हुआ है, इसके साथ ही पार्षद अजू घिलहरे, धनंजय चन्द्रा व कृपाराम साहू के साथ–साथ वार्ड की महिला व युवा समिति के सदस्यों ने इसमें महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। इस अवसर पर पूर्व एल्डरमेन ब्यासमुनि मिश्रा ने भी संबोधित किया तथा इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने नवसाक्षर हुए नागरिकों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया तथा इन नवसाक्षरों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य इंदिरा कौशिक एवं दीनदयाल सोनी, पार्षद लुकेश्वर चौहान, धनंजय चन्द्रा, कृपाराम साहू, संतोष कुर्रे, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, समाजसेविका मंगल बुधिया, विकास डालमिया, पूर्व एल्डरमेन ब्यासमुनि मिश्रा, पंचराम आदित्य, छोटेलाल, महिला समिति की सदस्य मनकी बाई, जलबाई, लक्ष्मी नागवंशी, रत्ना मसीह, मितानिन विमला बाई, युवा समिति के सदस्य शंभूनाथ शुक्ला, संतोष सोनी, मदन श्रीवास, छोटे चन्द्रा, छोटेलाल, मनीष गढ़ेवाल, ओमकार जायसवाल आदि उपस्थित थे।